वेबसाईट : www.abvp.org
पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 21 फ़रवरी 2022

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' का गुवाहाटी में हुआ समापन।

देश के 64 प्रमुख शहरों की यात्रा के माध्यम से पूर्वोत्तर के युवाओं ने जानी मातृभूमि की महिमा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 'अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन' (SEIL) के अंतर्गत चल रही 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' सफलता पूर्वक गुवाहाटी में संपन्न हुई। इस अवसर पर गुवाहाटी में एक समापन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें राष्ट्रीय एकात्मता यात्रियों ने अपने अनुभवों को साझा किया। गुवाहाटी में हुए समापन कार्यक्रम में असम विधानसभा के अध्यक्ष श्री विश्वजीत दायमारी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान सहित 1100 से अधिक लोग उपस्थित रहे।

इस राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के अंतर्गत पूर्वोत्तर भारत के राज्यों से 450 से अधिक युवाओं ने 16 समूहों में देश के अलग-अलग कुल 64 प्रमुख शहरों का भ्रमण किया तथा देश की 'विविधता में एकता' की भावना के प्रत्यक्ष दर्शन किए। ध्यातव्य हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 'अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन' के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष पूर्वोत्तर के राज्यों से बड़ी संख्या में छात्र शेष भारत के राज्यों की संस्कृति, संस्कार, विविधता को समझने व जानने की दृष्टि से विभिन्न राज्यों में जा कर प्रवास करते हैं, वहां के स्थानीय परिवारों में रूककर देश की सांस्कृतिक विविधता तथा समृद्ध विरासत को समझते हैं। ठीक इसी प्रकार से प्रत्येक एक वर्ष के अंतराल पर भारत के विभिन्न राज्यों से युवाओं का समूह पूर्वोत्तर के राज्यों में जाकर पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध विरासत से तादात्म्य स्थापित करता है।

समापन कार्यक्रम में उपस्थित असम विधानसभा अध्यक्ष विश्वजीत दायमारी ने कहा कि, "भारत देश की संस्कृति निरंतर गतिशील रही है। राष्ट्रीय एकात्मता यात्रियों के अनुभवों को सुनकर मैं अपने को सौभाग्यशाली मानता हूं कि पूर्वोत्तर के युवा निरंतर सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। SEIL यात्रा में पहले 30 या 40 लोग रहते थे, परंतु इस वर्ष 450 से अधिक युवा यात्रा में शामिल रहे, यह बात यात्रा के बढ़ते महत्व को रेखांकित करती है।"

गुवाहाटी में समापन समारोह के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान ने कहा कि, "राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा ने पूर्वोत्तर भारत और शेष भारत के राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण रही। यात्रा कर रहे प्रतिनिधियों के माध्यम से संपूर्ण भारत में यह संदेश गया की भारत जी-20 की अध्यक्षता करने जा रहा है, जो हम सब के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। साथ ही राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा, समाज तथा युवाओं के मध्य 'सांस्कृतिक व भाषाई विविधता में एकता' और एक राष्ट्र की भावना को अधिक मजबूती प्रदान करने वाली रही, यह प्रयास युवाओं के माध्यम से सशक्त व संगठित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में उल्लेखनीय है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी किया गया है।)